fssai **भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण**

विश्वास के प्रेरक, सुरक्षित और पोषक आहार के आश्वासक

प्रेस विज्ञप्ति

एफ.एस.एस.ए.आई 'विश्व भारतीय खाद्य दिवस' और बहु-नगरीय खाद्य मार्गदर्शिका लाने की सरकारी-निजी पहल में सहयोग करेगी

नई दिल्ली, 20.12.2017: भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई) ने जाने-माने पाक् इतिहासकार और पद्म श्री सम्मानित डॉ. पुष्पेश पंत की अध्यक्षता में शनिवार, 16 दिसंबर, 2017 को 'भारत का स्वाद : खेत से मेज तक' संगोष्ठि की समापन पैनल चर्चा के बाद आधिकारिक रूप से जारी किए गए 'भारतीय खाद्य मैनिफेस्टो' का समर्थन किया।

भारतीय पाक्-प्रणाली की विश्व प्रथम महिला सुश्री मधुर जाफरी की अध्यक्षता में गत सप्ताह आयोजित संगोष्ठि में यह घोषणा करते हुए श्री अग्रवाल ने बताया कि मैनिफेस्टो के 10 बिंदुओं में ध्यान देने योग्य विशाल क्षेत्र शामिल हो गया हो सकता है, परंतु वे कार्रवाई कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों के रूप में भी हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश की प्रमुख खाद्य विनियामक प्राधिकरण भी चर्चाओं के दौरान विशेषज्ञों द्वारा सुझाई गई निम्न दो पहलों में सहयोग देगी:

1. **गौट डि फ्रांस की भाँति प्रति वर्ष एक दिन भारतीय पाक्-प्रणाली के वैश्विक आयोजन के लिए समर्पित करना।** इस दिन पूरे विश्व भर के भारतीय रेस्टोरेंट भारतीय रसोइयों (भारत और विदेश दोनों जगह कार्यरत) की अंतर्राष्ट्रीय समिति तथा भारतीय दूतावासों द्वारा सुझाया गया एक मेनु परोसेंगे।
2. फ्रांस में गोल्ट मिलाउ, इटली में ओस्टेरी एंड लोकंडे डि'इटालिया, और संयुक्त राज्य अमरीका में जगट की भाँति **मिचलिन गाइड का भारतीय विकल्प तैयार करना।**

पहलों के बारे में और अधिक बोलते हुए श्री अग्रवाल ने आज मीडिया के साथ चर्चा के दौरान कहा कि *"हमारा मानना है कि इस पहल से विश्व को न केवल सर्वोत्तम भारतीय पाक् का जायका मिलेगा, बल्कि इससे उसे भारतीय कृषि उत्पादों और मसालों की विशाल किस्मों का भी पता चलेगा।"* खाद्य प्राधिकरण के प्रमुख ने आगे बोलते हुए का कि इस बहु-नगरीय गाइड को एफ.एस.एस.ए.आई की रेस्टोरेंटों के लिए प्रस्तावित स्वच्छता रेटिंगों से भी जोड़ा जाएगा, ताकि भारतीय ग्राहक और विदेशी पर्यटक दोनों सुरक्षित पसंद का चयन कर सकें। मीडिया के साथ चर्चा के दौरान श्री अग्रवाल ने आगे

कहा कि ''*इसे किसी अवांछित प्रभाव से बचाने के लिए विशेषज्ञों की किसी स्वतंत्र संस्था द्वारा संचालित किया जाएगा।*''

इस संगोष्ठि का आरंभ पिछले सप्ताह मीडिया की उपस्थिति में एफ.एस.एस.ए.आई की भूख के विरुद्ध पहल 'भोजन बचाओ, भोजन बांटो, खुशियाँ फैलाओ : भारतीय खाद्य साझेदारी सहयोग (आई.एफ.एस.ए)' की शुरुआत और ताजा खाने का दान करने की शपथ लेकर इस राष्ट्रीय अभियान में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को शामिल करके हुई थी। संगोष्ठि में अन्य लोगों के साथ-साथ चर्चा में नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अमिताभ कांत; कर्नाटक के कृषि मंत्री श्री कृष्ण बहेरे गोड़ा; पर्यटन मंत्रालय के महा निदेशक (पर्यटन) श्री सत्यजीत राजन; ऑबराय ग्रुप के अध्यक्ष श्री कपिल चोपड़ा; सलेक्ट ग्रुप के अध्यक्ष श्री अर्जुन शर्मा; ख्यात वैज्ञानिक डॉ. सुमन सहाय; और एशिया में आलू के सबसे बड़े एकल उत्पादक श्री जंग बहादुर सिंह सांघा ने भाग लिया।

इसके अतिरिक्त एफ.एस.एस.ए.आई ने एन.ए.एस.वी.आई (राष्ट्रीय स्ट्रीट फूड विक्रेता संघ) के सहयोग से आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय स्ट्रीट फूड उत्सव की कार्यक्रम-पूर्व की मुख्य बातों पर भी प्रकाश डाला। यह त्रि-दिवसीय उत्सव जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में दिनांक 12 से 14 जनवरी, 2018 तक प्रात: 10:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

प्राधिकरण ने पिछले वर्ष राष्ट्रीय स्ट्रीट फूड विक्रेता संघ (एन.ए.एस.वी.आई) द्वारा जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में दिनांक 23-25 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय स्ट्रीट फूड उत्सव में भाग लिया था। यह उत्सव देश भर के स्ट्रीट फूड विक्रेता समुदाय की भागीदारी के स्तर, भागीदारों द्वारा सुरक्षित स्वच्छता रीतियों के अनुपालन, और इसमें आए लोगों की संख्या के लिए जाना गया। यह उत्सव दिल्ली के वार्षिक सामाजिक कैलेंडर में वास्तव में एक मुख्य आकर्षण बन गया है और इससे स्ट्रीट फूड विक्रेताओं का स्तर भी ऊपर उठा है।

अपने सकारात्मक अनुभव को देखते हुए और उत्सव को एक संस्थागत रूप देने के लिए प्राधिकरण ने इस वर्ष के राष्ट्रीय फूड उत्सव में सहयोग देने का निर्णय लिया है। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि यह उत्सव देश भर के विक्रेताओं को सुरक्षित खाद्य रीतियों और वैश्विक स्वच्छता और साफ-सफाई के मानकों के प्रति संवेदनशील बनाने का एक प्रयास था। इस उत्सव में विभिन्न क्षेत्रों के घटक शामिल थे, यथा जैविक खाद्य बाजार पर थीम, भारतीय मंदिरों के खाद्य, भारतीय उत्सवों के खाद्य, भारत की सुवासकारी सामग्रियाँ और मनोरंजन संबंधी गतिविधियाँ। इस उत्सव में देश के स्ट्रीट फूड में जाने-माने व्यक्ति भी उपस्थित होंगे।

मीडिया प्रश्नों के लिए संपर्क करें:

रुचिका शर्मा

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण

ई-मेल: sharmaruchika.21@gmail.com